# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 904 / 2025 दिनांकः— 05. मई 2025

सेवा में,

**प्राचार्य / प्राचार्या**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय**
**राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,**
**अलीगढ़।**

**विषय—भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इंर्टनशिप योजना के क्रियान्वयन के संबंध में।**

**विषय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—4, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या—395 / सत्तर—4—2025—70—4099 / 67 / 2024 दिनांक 04 अप्रैल 2025 का अवलोकन करने कष्ट करें (संलग्न)। जिसके द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अन्तर्गत प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता अनुभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या—I / 918495 / 2025 / 89—1099 / 465 / 2024 दिनांक 26.03.2025 द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रश्नगत योजना में फेज—1 के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन का चरण पूर्ण हो गया है, परन्तु यह पाया गया है कि प्रदेश के लिए निर्धारित किये गये कुल 7714 अवसर के सापेक्ष अपेक्षित संख्या में युवाओं का रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका था, जबकि अवसर के सापेक्ष लगभग 03 गुना अर्थात लगभग 24000 युवाओ का रजिस्ट्रेशन होना चाहिए था।

उक्त योजना के अन्तर्गत पात्र एवं इच्छुक युवाओं का अधिक से अधिक संख्या में भारत सरकार के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने की अपेक्षा की गयी है, जिससे उ0प्र0 के अधिक से अधिक युवाओं को योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नक—यथोपरि**

भवदीय

(वी0के0 सिंह)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—**

1. अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ।
2. निजी सचिव, मा0 कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

**ई-मेल/महत्वपूर्ण/अनुस्मारक**

**संख्या-395/सत्तर-4-2025-70-4099/67/2024**

**प्रेषक,**

**गिरिजेश कुमार त्यागी,**
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

1. **निदेशक,** उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. **कुलसचिव,** समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3. **अपर सचिव,** उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।

**उच्च शिक्षा अनुभाग-4** **लखनऊ : दिनांक 04 अप्रैल, 2025**

**विषयः-**भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के क्रियान्वयन के संबंध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-1219/सत्तर-4-2024-70-4002(001)/2024, दिनांक 12.11.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दिशा-निर्देश उपलब्ध कराते हुए प्रश्नगत योजना के सफल संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये हैं।

2- इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता अनुभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-I/918495/2025/89-1099/465/2024, दिनांक 26.03.2025 द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रश्नगत योजना में फेज-1 के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन का चरण पूर्ण हो गया है, परन्तु यह पाया गया है कि प्रदेश के लिए निर्धारित किये गये कुल 7714 अवसर के सापेक्ष अपेक्षित संख्या में युवाओं का रजिस्ट्रेशन नही हो सका था, जबकि अवसर के सापेक्ष लगभग 03 गुना अर्थात लगभग 24,000 युवाओं का रजिस्ट्रेशन होना चाहिए था।

तत्क्रम में योजना के अन्तर्गत पात्र एवं इच्छुक युवाओं का अधिक से अधिक संख्या में भारत सरकार के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने की अपेक्षा की गयी है, जिससे उ0प्र0 के अधिक से अधिक युवाओं को योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

3- अत: उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 26.03.2025 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में अपेक्षित कार्यवाही कराते हुए कृत कार्यवाही की आख्या शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4- इस संबंध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों संबंधित सूचनाएं निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा एवं राज्य/निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित सूचनाएं अपर सचिव, उच्च शिक्षा परिषद द्वारा संकलित करते हुए शासन को उपलब्ध कराई जाएंगी।

**संलग्नक : यथोक्त।**

भवदीय,

Signed by
Girijesh Kumar Tyagi
Date: 04-04-2025 16:20:42

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।



Scanned with OKEN Scanner